सूर्योदय 5:50 सूर्यास्त 6:53
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 26.0
न्यूनतम 21.6

विजेता के लिए सपने देखना आवश्यक है, लेकिन सपनों को हकीकत में बदलना जीत के लिए परम आवश्यक है।

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र
पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)
डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21
मूल्य 1/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in
सम्पर्क सूत्र: ( कार्यालय ) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-230 | शनिवार 21 अगस्त, 2021 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-चतुर्दशी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

आतंकी शक्तियों का अस्तित्व स्थायी नहीं होता : मोदी




इन बातों को न आतंकी समझते हैं न उनके हमदर्द....

# डाक विभाग में चोरी, उपहार व राखी डकारकर बोल रहे सॉरी

❐चोरी ऊपर से सीनाजोरी, पार्सल से कीमती सामान गायब, घोर लापरवाही उजागर ❐नई मंडी की गृहिणी का छत्तीसगढ़ भेजा पार्सल एक माह बाद आधे सामान के साथ लौटा, मुंबई जाने वाला दूसरा पार्सल लखनऊ में लावारिस पड़ा ❐दिल्ली से बहन ने भेजी राखी गायब, डाक विभाग अब जता रहा है सॉरी ❐ अपनी राखी और पार्सल पाने को भटक रहे पीड़ित उपभोक्ता, डाक विभाग अपनी जिम्मेदारी से झाड़ रहा पल्ला

मुजफ्फरनगर, 20 अगस्त (बु.)। प्राइवेट सेक्टर की कोरियर और दूरसंचार क्रांति के चलते डाकविभाग पहले ही सिसक-सिसककर सांस ले रहा है। ऐसे में रक्षाबंधन पर उपहार और बहनों द्वारा भेजी जाने वाली राखी गायब होने से सरकारी तंत्र की व्यवस्था ने आम नागरिकों को मायूस ही किया है। एक नहीं ऐसी कई शिकायतें हैं, जिनमें पार्सल से कीमती सामान गायब हो गए। नई मंडी की एक गृहिणी के छत्तीसगढ़ और मुंबई भेजे गए पार्सल में कई हजार के सामान का गोलमाल हो गया है। बड़ी बात यह है कि पीड़ित शिकायत कर थक चुके हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी जिम्मेदारी तय करने का बजाए सॉरी आदि कहकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।


दरअसल रक्षाबंधन पर बहनें राखी भेजने के लिए डाक विभाग की सेवा को बेहतर मानती हैं। करीब एक माह पहले से ही राखी भेजने का सिलसिला शुरू हो जाता है, ताकि भाई और भतीजों को सही समय पर राखी मिल जाए। डाक विभाग भी रक्षाबंधन पर अपने ग्राहकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का दावा करने में पीछे नहीं है, मगर पार्सल से कीमती उपहार और राखी गायब होने की घटनाओं ने डाक विभाग की व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है। पार्सल में चोरी चकारी के बावजूद डाक कर्मियों का रवैया मायूस करने वाला है। शिकायत करने के बाद भी डाक विभाग का कोई अधिकारी सन्तोषजनक जवाब देने को तैयार नहीं हैं। नई मंडी के कम्बलवाला बाग निवासी पारुल मित्तल के साथ एक नहीं दो-दो पार्सल में चोरी चकारी हुई। श्रीमती मित्तल ने 21 जुलाई को अपनी दीदी को छत्तीसगढ़ को एक पार्सल भेजा था, जिसमें कीमती उपहार के साथ बच्चों को घड़ियां थी। सर्च करने पर पता चला था कि पार्सल जसपुर डाकघर पहुंच गया। डिलीवरी ना होने पर पारुल की दीदी और जीजा ने डाकघर पर सम्पर्क किया, लेकिन डाक कर्मचारी ने पार्सल मिलने से साफ मना कर दिया था। बाद में एक डाक कर्मचारी की मदद से पता चला कि पार्सल लखनऊ डाक घर में फंसा है। पीड़ित पारुल ने बताया कि चार दिन पहले वो पार्सल घर वापस आ गया। इस पार्सल से कई हजार का आधा सामान गायब है। बचा हुआ सामान बुरी तरह खराब हो चुका है, जिसकी लिखित शिकायत की गई है, लेकिन अधिकारी जवाब देना तो दूर की बात, बात सुनने को तैयार नहीं है। गृहिणी पारुल मित्तल के दूसरे पार्सल की कहानी भी सुन लीजिए। पारुल ने इसी दिन दूसरा पार्सल अपने भाई को मुंबई भेजा था। इस पार्सल में छह हजार रुपये करीब के बच्चों के बर्तन थे। यह पार्सल भी अभी तक मुंबई नहीं पहुंचा है। किसी माध्यम से पता चला है कि यह पार्सल भी लखनऊ में लावारिस में पड़ा हुआ है। उसकी शिकायत का भी अभी तक कोई नतीजा निकल पाया है। पार्सल न तो पते पर गया है और ना ही लौटकर वापस पारुल को मिल सका। डाक विभाग की इस लापरवाही के बाद भी पारुल ने नए सिरे से बहन का पूरा सामान खरीदकर छत्तीसगढ़ दूसरा पार्सल भेज दिया है। अब देखना है कि तीसरा पार्सल कब तक पहुंच पाता है। पीड़ित पारुल मित्तल ने बताया कि डाक विभाग घोर लापरवाही बरत रहा है और कोई अधिकारी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझ रहा है।



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Complaint Number | : | 2001015708 | Complaint Date | : | 28/07/2021 |
| Category | : | Mail Services | Transaction Type | : | Non Delivery of Article |
| Service | : | Registered Parcels | Complaint Description | : | Hello Team,I have tracked my parcel it was reached to Mumbai but now it is in Lucknow. How it reached to Lucknow, we are waiting for the same but still not getting my parcel. |

Sender Details

| | |
|---|---|
| Name | Parul Mittal |
| Address | 381,Kambalwala Bagh,New Mandi Muzaffarnagar Muzaffarnagar Uttar Pradesh INDIA |
| Email | |



ED952410840IN IVR:6968952410840
SP POS COUNTER RMS BHAWAN <11000
Counter No:1,11/08/2021,13:47
To:SINGHAL GENER,57/1 ABKARI ROAD
PIN:251001, Muzaffarnagar HO
From:ANIL KR. BA,S-2 UTTAM NAGAR
Wt:50gms
Amt:41.30(Cash)Tax:6.30
<Track on www.indiapost.gov.in>
<Dial 18002666868> <Wear Masks, Stay Safe>



## दिल्ली से भेजी बहन की राखी भी हुई गायब

मुजफ्फरनगर, 20 अगस्त (बु.)। रक्षाबंधन पर डाक विभाग की एक और लापरवाही सामने आई है। दिल्ली से बहन द्वारा 11 अगस्त को भईया के लिए भेजी गई राखी का लिफ़ाफ़ा गायब हो गया। पहले तो डाक विभाग ने व्यापारी सिंघल को यह कहकर गुमराह करने का प्रयास किया कि उनकी दुकान बंद होने के कारण राखी डिलीवरी नहीं हो पाई। सिंघल ने दुकान बंद ना होने का तर्क दिया तो डाक विभाग ने राखी का लिफ़ाफ़ा होने की जानकारी दी। डाक विभाग ने अब सॉरी कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया है। पीड़ित विपिन सिंघल का कहना है कि डाक विभाग ने उन्हें निराश किया है।





शुक्रवार को शिया सोगवारों द्वारा इमामबाड़ों में ही मनाया गया मोहर्रम वहीं पूरी तरह मुस्तैद दिखा पुलिस प्रशासन।

## यूपी में रविवार से सामान्य दिनों की तरह खुलेंगे बाजार

लखनऊ 20 अगस्त (वार्ता) उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण के मामलो में कमी को देखते हुये रविवार को निर्धारित साप्ताहिक बंदी की व्यवस्था को समाप्त कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां कोविड-19 प्रबंधन के लिये गठित टीम-09 की बैठक में कहा कि प्रदेश में कोविड की बेहतर होती स्थिति के मद्देनजर रविवार की प्रदेशव्यापी साप्ताहिक बंदी की व्यवस्था को समाप्त किया जा सकता है। अब से सभी शहरों,बाजारों,उद्योगों और कारखानों में कोविड काल से पूर्व में प्रभावी रही साप्ताहिक बंदी की तिथि पर अवकाश लागू किया जायेगा।

## पुलवामा मुठभेड़ में हिजबुल के सदस्य समेत दो आतंकवादी ढेर

श्रीनगर, 20 अगस्त( वार्ता ) जम्मू- कश्मीर के पुलवामा जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड में दो आतंकवादी मारे गए। इनमें हिजबुल के हिट स्क्वाड का एक आतंकवादी भी है जो नागरिकों पर हमले के लिए जिम्मेदार है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलवामा के पम्पोरे, खिय्रू में आतंकवादियों के छिपे होने की गुप्त सूचना मिलने के बाद राष्ट्रीय रायफल्स, जम्मू कश्मीर पुलिस के विशेष दस्ते और सीआरपीएफ ने एक संयुक्त अभियान चलाया। सूत्रों ने बताया कि जब सुरक्षा बल आतंकवादियों के ठिकाने की तरफ बढ़ रहे थे तो वहां छिपे आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दी और सुरक्षा बलों ने भी इसका करारा जवाब दिया। इस दौरान हुई मुठभेड में दो आतंकवादी मारे गए और उनके पास से काफी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ है। इनमें से एक आतंकवादी की पहचान मुसैब मुस्ताक निवासी खिय्रू के तौर पर हुई है और वह लुरगाम में एक नागरिक जाविद अहमद मलिक की हत्या में शामिल था। यह आतंकवादी हिज्बुल के हिट स्कवाड का सदस्य था, जो दक्षिण कश्मीर में नागरिकों की हत्या कर रहा है। दूसरे आतंकवादी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। मुठभेड के बाद किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।

## शिया सोगवारों ने किया इमाम हुसैन को याद, नहीं निकलने दिया गया मोहर्रम का जुलूस

मुजफ्फरनगर, २० अगस्त (बु.)। शिया सोगवारों का मोहर्रम की १० तारीख को मातमी जुलूस निकलना होता है, मगर कोरोना काल के चलते इस बार उक्त जुलूस नहीं निकाला गया। हालांकि शिया सोगवारों ने दिन निकलते ही जुलूस निकालने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने अपनी मुस्तैदी के चलते किसी भी इमामबाड़े से जुलूस नहीं निकलने दिया। आपको बताते चलें कि शिया सोगवारों का मातमी जुलूस मोतीमहल से होता हुआ पूरे शहर में भगत सिंह रोड, शिवचौक, खालापार, अंसारी रोड, बकरा मार्किट आदि से गुजरता हुआ काली नदी पर जाकर समाप्त होता था, मगर इस बार उक्त मातमी जुलूस पर पाबंदी के चलते इसे मन मारकर इमामबाड़ों तक ही सीमित रखा गया। शिया सोगवारों ने विभिन्न इमामबाड़ों जिनमें अबूपुरा, मोतीमहल व कटरा मोचियान आदि में टेंट लगाकार अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। ज्ञात रहे कि इस दिन शिया सोगवार सड़कों पर जुलूस के रूप में सीनाजनी करते दिखाई देते हैं, जिनमें ब्लेड, छुरी या जंजीरों से सीनाजनी की जाती है, इसके बाद पूरा का पूरा काफिला करबला में पहुंचकर ताजियों को जमीन में दफ्न करके वहां की मिट्टी अपने सीने पर लगाकर वहां से अपने घरों की ओर रुखसत हो जाते हैं। इस बार कोरोना काल के चलते मोहर्रम के जुलूस की बाजारों में निकलने की अनुमति नहीं दी गयी थी, जिस कारण इमामबाड़े से ही सीधा ताजिये करबला ले जाए गए और वहां पूर्व की भांति पूरी प्रक्रिया को अंजाम देने के बाद शिया सोगवार अपने-अपने घर को लौट आए। यूं तो मोहर्रम का कार्यक्रम शिया सोगवार पूरे ढाई माह तक मनाते हैं। इस ढाई माह के बीच काले हरे कपड़े पहनकर ही शिया समुदाय के लोग अपना सोग प्रकट करते हैं। शिया समुदाय के धर्मगुरू बताते हैं कि १४०० साल पहले तारीखे इस्लाम में करबला की जंग हुई थी, इसी जंग में इन्सानियत के लिए और जुल्म के खिलाफ लड़ाई हुई। इस जंग में पैगम्बर मौहम्मद के नवासे इमाम हुसैन और उनके ७२ साथी शहीद हो गए थे। उन्हीं इमाम हुसैन और उनके ७२ साथियों के शहीद होने पर मोहर्रम मनाया जाता है। इसी क्रम में शुक्रवार को मोहर्रम का मातमी सोग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिया पुलिस प्रशासन

मुजफ्फरनगर, २० अगस्त (बु.)। मोहर्रम का जुलूस कहीं एकाएक सड़कों पर न निकल जाए इसको लेकर सुबह दिन निकलत ही पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखा। खालापार, मोतीमहल, भगतसिंह रोड, बकरा मार्किट आदि में सैंकडों की संख्या में पुलिसबल मौजूद दिखाई दिया। मुस्तैदी के साथ पुलिसबल ने कहीं से भी मोहर्रम का जुलूस नहीं निकलने दिया और इमामबाड़ों से सीधे शिया सोगवारों को करबला जाने की इजाजत दी गयी। हालांकि एक बार भगत सिंह रोड पर मोहर्रम का जुलूस निकालने का प्रयास किया गया मगर पुलिस प्रशासन के सामने किसी की नहीं चली और जुलूस नहीं निकलने दिया गया।

## प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की हालत बिगड़ी, योगी ने जाना हाल

लखनऊ, 20 अगस्त (वार्ता) उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण की हालत नाजूक बनी हुई है और वे वेंटिलेटर पर है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दिल्ली से यहां पहुंचे और हवाई अड्डे से सीधे एसजीपीजीआई पहुंचे और श्री सिंह का हाल जाना। उन्होंने बताया कि श्री योगी के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह भी थे। इनके अलावा कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह और पीजीआई के निदेशक प्रो.आरके धीमन भी मौजूद रहे। इस बीच एसजीपीजीआई के निदेशक प्रो.आरके धीमन ने बताया कि पूर्व मुख्यमत्री कल्याण सिंह का इलाज 47 दिन से यहां इलाज चल रहा है। वह गहन चिकित्सा कक्ष में वेंटिलेटर पर हैं। उनकी किडनी में फिर से संक्रमण बढ़ा है और डायलिसिस की गई है। इसके अलावा उनके रक्तचाप में भी गिरावट देखी जा रही है। चिकित्सक उनकी हालत पर नजर रखे हुए हैं।



फैक्ट्री पर छापामार कार्यवाही करती प्रदूषण विभाग की टीम के अधिकारी।

## भारी बारिश की चेतावनी पर एसडीआरएफ अलर्ट

देहरादून20 अगस्त (वार्ता) उत्तराखंड में मौसम विभाग द्वारा आगामी दो दिनों में भारी से बहुत भारी वर्षा, तीव्र बौछार, गर्जना और आकाशीय बिजली की चेतावनी दी गयी है। जिसके दृष्टिगत राज्य आपदा परिवादन बल (एसडीआरएफ) ने भी मोर्चा संभाल लिया है। एसडीआरएफ के सेनानायक (कमांडेंट) भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस)के नवनीत सिंह ने शुक्रवार को यूनीवार्ता के लिये बताया कि मौसम विभाग की चेतावनी के बाद फोर्स की सभी टीमों को अलर्ट मोड़ में तैनात कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मानसून काल के दौरान अतिवृष्टि से बाढ़, भूस्खलन, बादल फटना इत्यादि घटनाये होती रहती हैं जिससे जान माल की हानि का भय बना रहता है।

## अब रविवार की साप्ताहिक बंदी भी समाप्त

मुजफ्फरनगर, 20 अगस्त (बु.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना के मामले कम हो जाने के बाद अब व्यापारियों की भी सुध लेनी शुरू कर दी है। शनिवार के साप्ताहिक बंदी समाप्ति के बाद आज रविवार के साप्ताहिक बंदी के खत्म होने की घोषणा भी कर दी गयी। उत्तर प्रदेश गृह विभाग ने आदेश जारी करते हुए कहा गया कि पूरे सप्ताह रात्रि 10 से प्रातः 6 बजे तक का रात्रि कर्फ्यू तो पूर्व की भांति ही रहेगा, मगर दिन का दो दिवसीय साप्ताहिक बंदी पूरी तरह से हटा दी गयी है। अब पूर्व की व्यवस्थानुसार के मंगलवार व रविवार को साप्ताहिक बंदी लागू रहेगी। जिन-जिन क्षेत्रों में जिस भी दिन की साप्ताहिक बंदी थी, उसी के अनुसार ही बाजारों में कार्य होगा। आपको बताते चलें कि पूरे प्रदेश में पहले से ही यह मांग उठती चली आ रही थी कि जब कोरोना के मामले लगभग समाप्त हो चुके हैं, तो फिर किस बात की साप्ताहिक बंदी लागू की जा रही है। इस पर देर से संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले सप्ताह शनिवार की बंदी हटाते हुए सिर्फ रविवार की बंदी जारी रखी थी, मगर अब वह पाबंदी भी हटाते हुए सिर्फ साप्ताहिक बंदी लागू कर दी गयी है, मगर साप्ताहिक बंदी के दौरान कोरोना के नियमों का सख्ती से भी पालन करने हेतु निर्देश दिये गए हैं, जिसमें मास्क, सैनेटाइजर, सोशल डिस्टेंसिंग आदि सभी नियम पूर्ण करने होंगे। दो दिवसीय पाबंदी समाप्त हो जाने से व्यापारियों ने राहत की सांस ली है। हालांकि व्यापारियों का कहना था कि अब रविवार को रक्षाबंधन के दिन वे पूरी तरह से बाजार खोल सकेंगे और बाजारों में ग्राहक भी बादस्तूर आता दिखाई देगा। शहरी क्षेत्रों में जिस तरह से पहले मंगलवार को साप्ताहिक बंदी लागू रहती थी, उसी तरह से ग्राहकों को भी मंगलवार को बाजारों में आने की आदत नहीं थी। अब शहरी क्षेत्रों में पूरे सप्ताह सिर्फ मंगलवार को छोड़कर आसानी से ग्राहक आ सकेंगे और नई मण्डी क्षेत्र में विधिवत् रविवार को बाजार बंद रहेंगे। कुल मिलाकर अब रविवार और शनिवार की पाबंदी खत्म हो जाने से व्यापारियों में खुशी देखी गयी।

## मोदी की पाकिस्तानी बहन ने भेजी राखी

नई दिल्ली, 20 अगस्त (नेट) इस साल भाई-बहन का प्रमुख त्योहार रक्षाबंधन रविवार को मनाया जाएगा। भाई बहनों के लिए यह दिन बेहद खास होता है। इस त्योहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जाता है। रक्षाबंधन वाले दिन भाई बहन एक-दूसरे के घर मीलों का सफर तय कर के आते हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी राखी वाले दिन कई जगहों से बहन राखी के रूप में अपना प्यार भेजती रहती हैं। इस दिन को यादगार बनाने के लिए अक्सर नरेंद्र मोदी भी महिलाओं से राखी को लेकर अपनी दिल की बात करते रहते हैं। एक महिला पिछले 25-30 सालों से लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राखी भेज रही हैं। वैसे तो पीएम मोदी को देश के कई हिस्सों से महिलाएं रक्षाबंधन के लिए राखी भेजती हैं. लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पाकिस्तानी बहन कमर मोहसिन शेख काफी पहले से नरेंद्र मोदी को राखी बांधती आ रही हैं। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरएसएस से जुड़े हुए थे, उस दौरान ही पीएम की मुलाकात कमर मोहसिन शेख से हुई थी और तब से लेकर आज तक हर रक्षाबंधन पर उन्होंने नरेंद्र मोदी को राखी बांधने का काम किया है। न्यूज एजेंसी एएनआई में छपी खबर के मुताबिक इस साल पीएम नरेंद्र मोदी को कमर मोहसिन शेख की तरफसे राखी भेज दिया गया है। एएनआई से बात करते हुए कमर मोहसिन शेख ने कहा कि मैं नरेंद्र भाई को पिछले 24-25 साल से राखी बांध रही हैं, इस बार भी राखी को लेकर मैं उत्साहित हूं, उन्होंने इसके साथ ही नरेंद्र मोदी से मिलने की ख्वाहिश भी जाहिर की। पुराने दिनों को याद करते हुए उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनका पहला रक्षाबंधन तब था जब वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ता हुआ करते थे।

## ओबीसी सूची संबंधी संविधान संशोधन अधिनियम को रामनाथ कोविंद की मंजूरी

नयी दिल्ली, 20 अगस्त (वार्ता) राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों की पहचान करने के लिए राज्यों को सशक्त बनाने वाले संविधान (105वें संशोधन) अधिनियम, 2021 को अपनी मंजूरी दे दी है। विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार श्री कोविंद ने संविधान (105वें संशोधन) अधिनियम, 2021 और साधारण बीमा कारोबार (राष्ट्रीयकरण) संशोधन अधिनियम, 2021 को अपनी स्वीकृति दी है। बीमा संबंधी इस संशोधन अधिनियम के जरिये साधारण बीमा कारोबार (राष्ट्रीयकरण) विधेयक, 1972 में संशोधन किया जा सकेगा। संविधान (105वें संशोधन) अधिनियम, 2021 संसद द्वारा 11 अगस्त, 2021 को पारित किया गया था। अधिनियम के अनुसार, प्रत्येक राज्य या केंद्र शासित प्रदेश, कानून द्वारा, अपने उद्देश्यों के लिए, सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों की एक सूची तैयार कर सकता है, जिसमें प्रविष्टियां केंद्रीय सूची से भिन्न हो सकती हैं।

## प्रदूषण की मिली शिकायत पर पेपर मिल पर छापेमारी

**❐फैक्ट्री मालिक को चेतावनी देते हुए दी सुधार की नसीहत**

मुजफ्फरनगर, 20 अगस्त (बु.)। जनपद में बाहरी प्रांतों से आ रही वेस्ट सामग्री व प्रदूषण की समस्याओं के बीच प्रशासन अलर्ट मोड़ पर दिखाई दे रहा है। पूर्व में दर्जनों फैक्ट्रियों में हुई छापामारी और जुर्माने की कार्रवाईयों के बीच प्रदूषण को बढ़ावा देने वाली फैक्ट्रियों पर लगाम कसने में प्रशासन कोई कोर कसर बाकी रखने के मूढ़ में नहीं है। अभियान की इसी कड़ी के बीच जनपद में जल व वायु प्रदूषण फैलाने की मिल रही शिकायतों के बीच शुक्रवार को डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर दीपक कुमार के नेतृत्व में प्रदूषण विभाग के अधिकारियों के साथ भोपा रोड स्थित पेपर मिल पर छापा मारा। प्रशासन की उक्त कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा। हालांकि अधिकारियों को इस जांच पड़ताल में कोई बड़ी खामी नहीं मिली, लेकिन प्रदूषण विभाग की टीम ने इस बीच पेपर मिल मालिकों को नियमों का पालन किए जाने की नसीहत के साथ फैक्ट्री से इस बीच निकल रहे गंदे पानी का सैम्पल लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिया।

शुक्रवार को नगर के भोपा रोड पर स्थित पेपर मिल पर डीएम चन्द्रभूषण सिंह के निर्देश पर लगातार मिल रही शिकायतों के बीच छापेमारी की गई। जिला प्रशासन को मिल रही शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी चन्द्रभूषण सिंह द्वारा भोपा रोड की उक्त पेपर मिल में प्रदूषण को बढ़ावा देने की मिल रही शिकायतों की जांच पड़ताल के निर्देश दिये। डीएम के निर्देश पर शुक्रवार को एसडीएम सदर दीपक कुमार ने प्रदूषण विभाग की टीम के साथ मिलकर भोपा रोड पर स्थित सिद्धार्थ पेपर मिल पर छापा मारा और यहां पर उन्होंने बड़ी गहन जांच पड़ताल की। इस बीच अधिकारियों ने प्रदूषण को रोकने के लिए प्रबंधन द्वारा किए गए मानकों के अनुरूप ही फैक्ट्री में जुटाये गए संसाधनों की भी जानकारी ली। एसडीएम सदर दीपक कुमार ने बताया कि डीएम के निर्देश पर सिद्धार्थ पेपर मिल का बीते दिवस निरीक्षण किया गया था। उन्होंने बताया इस दौरान प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी अंकित कुमार समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी जांच के दौरान पेपर मिल परिसर में मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि प्रदूषण विभाग द्वारा पेपर इंडस्ट्री में मानकों की जांच की गयी। उन्होंने दावा किया कि जांच के दौरान इस फैक्ट्री में ज्यादा गंभीर समस्या नहीं पायी गयी, लेकिन फिर भी पेपर मिल मालिक को प्रदूषण के मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्यवाही किये जाने की कड़ी चेतावनी दी गयी। इसके साथ ही प्रदूषण विभाग के अधिकारियों ने उक्त फैक्ट्री से निकलने वाले गंदे पानी का सैम्पल लेकर उसको जांच के लिए लैब भेजा गया है। लैब से रिपोर्ट आने के बाद भी कुछ कहा जा सकता है। इस सम्बंध में एसडीएम सदर की ओर से जिला अधिकारी को भी अवगत करा दिया गया है।

## अफगानिस्तान का आधिकारिक तौर पर अभी तक नाम घोषित नहीं किया गया : तालिबान

काबुल, 20 अगस्त (वार्ता)। तालिबान ने अभी तक आधिकारिक तौर पर अफगानिस्तान को 'इस्लामिक अफगानिस्तान अमीरात'' घोषित नहीं किया, लेकिन उसकी ऐसा करने की योजना है। तालिबान के राजनीतिक कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद नईम ने एक साक्षात्कार में यह बात कही है। नईम ने कहा'' हमने अभी तक 'इस्लामिक अफगानिस्तान अमीरात' की स्थापना की घोषणा नहीं की है लेकिन हम कह चुके हैं कि हमारी शुरूआत से यही मंशा रही है।'' प्रवक्ता ने कहा 'इस्लामिक अमीरात की फौजें विदेशी सैनिकों के सहयोग से काबुल हवाई अड्डे पर कानून व्यवस्था बनाए हुए हैं।

## पालिका ठेकेदारों को भेजा ईओ ने नोटिस, मांगा स्पष्टीकरण

**❐करीब 3 करोड़ रुपये का पूर्व में पालिका कर चुकी भुगतान**
**❐ठेकेदारों को 31 जुलाई तक पूर्ण करना था निर्माण कार्य**

मुजफ्फरनगर, 20 अगस्त (बु.)। योगी सरकार के गठन के बाद नगरीय क्षेत्र में हुए कार्यो का भुगतान पाने को दर-दर की ठोंकरे खा रहे पालिका ठेकेदार नगर पालिका से करीब 3 करोड़ रुपये का भुगतान होने के बाद बेवफा हो गए। ईओ की माने तो करीब 3 करोड़ रुपये का इस बीच भुगतान होने के बाद भी पालिका ठेकेदारों ने नगरीय क्षेत्र में रूके निर्माण कार्य शुरू नहीं किए। निर्माण ठेकेदारों की इस लापरवाही के कारण नगर क्षेत्र में अभी तक भी 43 निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाए है, जबकि इन निर्माण कार्यो को 31 जुलाई तक पूरा करने का पूर्व में नगर पालिका ठेकेदारों ने अनुबंध किया था। ठेकेदारों द्वारा की गई इस लापरवाही पर नगर पालिका ईओ ने पालिका के करीब एक दर्जन ठेकेदारों को नोटिस भेजने के साथ स्पष्टीकरण मांगा है।

नगरपालिका के 14वें एवं 15वें वित्त आयोग की धनराशि से नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में निर्माण कार्य होने थे, जिसके लिए पालिका द्वारा पूर्व में करीब 169 निर्माण कार्य विभिन्न टेंडरों के माध्यम से स्वीकृत किए। वहीं इन तमाम स्वीकृत निर्माण कार्यो को शासन स्तर से आए आदेशों के अनुसार 31 जुलाई तक पूर्ण होने थे, लेकिन पालिका ठेकेदारों ने इस बीच पालिका द्वारा 38 निर्माण कार्य का भुगतान न होने के कारण शेष चल रहे निर्माण कार्यो को रोक दिया था। इसी के साथ पालिका में 43 निर्माण कार्य शुरू भी नहीं हो पाए थे। पालिका और निर्माण ठेकेदारों के बीच छिड़े शीतयुद्ध के चलते जनपद में आए डीएम चन्द्रभूषण सिंह के दखल के बाद दिए गए आदेशों के बीच नगर पालिका ने ठेकेदारों को करीब तीन करोड़ रुपये का लंबित भुगतान बीते दिनों कर दिया, लेकिन भुगतान मिलने के बाद ठेकेदारों ने उक्त निर्माण शुरू ही नहीं किए। इस पर ईओ हेमराज सिंह ने कड़ी नाराजगी जताते हुए पालिका में कार्य कर रहे एक दर्जन ठेकेदारों को नोटिस जारी किया है। ईओ हेमराज सिंह का कहना है कि पालिका ठेकेदारों को लंबित चल रहे भुगतान मिलने के बाद ठेकेदारों को 43 निर्माण कार्य शुरू करते हुए पूर्ण करने थे। इस संबंध में शासन स्तर से मिले आदेशों के बीच उक्त तमाम निर्माण कार्य 31 जुलाई तक पूरे होने थे, लेकिन ठेकेदारों द्वारा बरती गई लापरवाही के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हुए। इस संबंध में ईओ ने 12 ठेकेदार और फर्म को नोटिस भेजा है। अब देखना होगा कि पालिका में पूर्व में अपने किए गए कार्यो का शेष भुगतान पाने की खातिर जिले के माननीयों से अधिकारियों तक का चक्कर काटते रहे ठेकेदार इस मामले में किस ओर अग्रसर होते हैं, इस पर सबकी निगाहें हैं।

## सांप के काटने से युवती की मौत

रामराज, 20 अगस्त (बु.)। रामराज थाना क्षेत्र के गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर में एक युवती की सांप के काटने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामराज थाना क्षेत्र के गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर में 15 वर्षीय सानिया पुत्री महबूब का मकान गांव के बाहर जंगल में स्थित है, जहां पर घर के अंदर सांप घुस आया और कपड़ों में छिप गया। युवती ने जैसे ही कपड़े उठाने का प्रयास किया, तो उसी समय सांप ने युवती को डस लिया, जिससे युवती बेहोश हो गई। परिजन युवती को लेकर चिकित्सक के यहां पहुंचे तो चिकित्सक ने युवती को मृत घोषित कर दिया।

## युवका का शव पेड़ से लटका मिला, सनसनी

मुजफ्फरनगर, 20 अगस्त (बु.)। पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव भैंसानी के जंगल में छपार थाना क्षेत्र के गांव तेजलहेड़ा निवासी युवक का शव पेड़ पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराकर उसके परिजनों को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परीक्षण के लिये भेज दिया है। पुलिस मामले को आत्महत्या से जुड़ा मानते हुए जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि आज भैंसानी के जंगल में ग्रामीणों ने एक युवक का शव पेड़ पर फांसी पर झूलते हुए देखा। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर सैंकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवा कीर कब्जे में ले लिया और उसकी पहचान कराने के प्रयास किये। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक की पहचान मिंटू निवासी गांव तेजलहेड़ा थाना छपार के रूप में हुई है। पुलिस मामले को आत्महत्या से जुड़ मानते हुए जांच कर रही है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परीक्षण हेतु भेज दिया है।

## नकब लगाकर लाखों की चोरी

**❐दूसरी दुकान में गल्ले से 15 हजार रुपये चोरी**

मुजफ्फरनगर, 20 अगस्त (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला खालापार में एक दुकान में नकब लगाकर अज्ञात बदमाश नकदी सहित लाखों का माल चोरी कर ले गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला दक्षिणी खालापार, निवासी शाहबुद्दीन मौहल्ले में ही दरोगा की कोठी के पास शाह इंडिया प्रोविजन स्टोर के नाम से किराना शॉप चलाता है। बृहस्पतिवार रात वह दुकान बंद कर घर लौट गया था। देर रात चोर दुकान की छत के रास्ते सेंध लगाकर अंदर जा घुसे। दुकान से चोरों ने गल्ला तोड़कर करीब 95 हजार की नकदी के साथ ही हजारों की कीमत के ड्राई फ्रूट्स भी चोरी कर लिए। शुक्रवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे शाहबुद्दीन को घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद उसने पुलिस को इसकी सूचना दी। वहीं, घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और चोरी का विरोध किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जल्द बदमाशों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। पीड़ित दुकानदार ने घटना की तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। उधर, शहर के अंसारी रोड स्थित प्रिंस वर्मा ने भी शहर कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी किदवईनगर क्षेत्र में दुकान है। बृहस्पतिवार देर रात चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर गल्ले में रखे 15 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस इस मामले की भी जांच कर रही है।

